तापमान

अधिकतम 39 .1 डिग्री
न्यूनतम 26 .0 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि

रोहतक, शनिवार, 28 जून 2025



12 सीवर ओवरफ्लो और दूषित जलभराव से मिलेगी निजात



12 सब जूनियर नेशनल थ्रो बॉल चैंपियनशिय में छाए खिलाड़ी




## खबर संक्षेप

### 9 जुलाई की हड़ताल की तैयारियों पर चर्चा

**सोनीपत।** हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर यूनियन की जिला कमेटी की बैठक शुक्रवार को गोहाना रोड स्थित सर्व कर्मचारी संघ कार्यालय में हुई। इसकी अध्यक्षता जिला प्रधान देशराज नैन ने किया और संचालन जिला सचिव राजेश ने किया। बैठक में राज्य कोषाध्यक्ष राहुल हुड्डा, राज्य उप महासचिव राजेश धनखड़ और राज्य संगठन सचिव रामकुमार उपस्थित रहे। चर्चा का मुख्य विषय 9 जुलाई को होने वाली राष्ट्रव्यापी सांकेतिक हड़ताल की तैयारियों को लेकर रहा।

### कार्यालय में घुसकर की फायरिंग और तोड़फोड़

**गन्नौर।** गांव बड़ी में शुक्रवार शाम बाइक सवार कुछ बदमाशों ने एक व्यक्ति के घर और कार्यालय को निशाना बनाते हुए फायरिंग और तोड़फोड़ की घटना को अंजाम दिया। बदमाश पहले उसके घर के बाहर पहुंचे और हवाई फायर किया। इसके बाद वह गांव स्थित कार्यालय में दाखिल हुए और वहां तीन राउंड फायर कर तोड़फोड़ भी की। वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। गनीमत यह रही कि जिस समय बदमाश कार्यालय में घुसे, उस समय वहां कोई मौजूद नहीं था।

### झांसे में लेकर लाखों रुपये के गहने ले गई महिलाएं

**सोनीपत।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के जीवन नगर के एक दंपति से दो महिलाओं ने ई-रिक्शा में लाखों रुपये के सोने के गहने चोरी कर लिए। ठग महिलाओं ने चुन्नी आने का बहाना बनाकर दंपति का ध्यान भटकाया और बैग में रखे गहनों पर हाथ साफ कर दिया। घर पहुंचने पर जब बैग की जांच की गई, तो गहने गायब मिले। पीड़ित दंपति ने इस संबंध में पुलिस को शिकायत दी है। जानकारी के अनुसार, जीवन नगर निवासी दंपति मॉडल टाउन स्थित पीएनबी बैंक से लाकर से गहने निकालकर घर लौट रहे थे।

### संदिग्ध हालत में युवक की मौत

**सोनीपत।** राई थाना क्षेत्र में संदिग्ध हालत में युवक की मौत होने का मामला सामने आया है। परिजनों ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। उतराखंड हाल में शकुरपुर दिल्ली निवासी जगदीश ने बताया कि उसका भाई उमेद सिंह (35) राई औद्योगिक क्षेत्र में नौकरी करता था। वह काम खत्म करने के बाद राई गांव स्थित कमरे पर आ गया। अचानक उसकी तबीयत खराब हो गई। उसे उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

# बीपीएल परिवारों को समय पर मिले राशन, खामियां मिलने पर करें कार्रवाई

- बहालगढ़ क्षेत्र में स्थित कंपनियों के जल उपचार संयंत्र की जांच करने के लिए राज्यमंत्री गौरव गौतम ने एसडीएम की अध्यक्षता में कमेटी गठित करने के दिए निर्देश
- कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक में आई 23 शिकायतों में से राज्यमंत्री गौरव गौतम ने 18 शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता राज्यमंत्री गौरव गौतम ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा बीपीएल परिवारों को मुफ्त में राशन उपलब्ध करवाया जाता है, ताकि देश का कोई भी गरीब व्यक्ति भूखा न रहे। इसलिए राशन वितरण के कार्य में किसी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने डीएफएसई को निर्देश दिए कि भविष्य में राशन वितरण को लेकर उनके सामने कोई शिकायत नहीं आनी चाहिए। वे समय-समय पर राशन डिपो को जांच करें और अगर कहीं भी खामियां मिलती है तो संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें। युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता राज्यमंत्री गौरव गौतम की अध्यक्षता में शुक्रवार को लघु सचिवालय में कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में रखी गई 23 शिकायतों में से राज्यमंत्री ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 18 शिकायतों को मौके पर ही समाधान किया और 5 शिकायतों के समाधान को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन शिकायतों का समाधान अगली बैठक तक हो जाना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि वे अपनी ड्यूटी का ईमानदारी से निवर्हन करते हुए लोगों की शिकायतों का तुरंत समाधान करने का प्रयास करें ताकि लोगों को इधर-उधर चक्कर न काटने पड़े।

## भविष्य में राशन वितरण को लेकर नहीं आनी चाहिए कोई शिकायत : राज्यमंत्री गौरव गौतम



सोनीपत। बैठक के दौरान मंच पर उपस्थित मंत्री, विधायक, उपायुक्त एवं अन्य अधिकारीगण, बैठक में अपनी शिकायत रखते हुए एक फरियादी, बैठक में उपस्थित अधिकारीगण।

### कपनियों में लगे जल उपचार संयंत्रों की जांच की जाएगी

बैठक में राज्यमंत्री के समक्ष शिकायत आई कि बहालगढ़ क्षेत्र में स्थित कंपनियां अपने गंदे पानी को जल उपचार संयंत्र से साफ करने की बजाय सीधे जमीन के नीचे छोड़ रहे है जिससे भूमिगत पानी खराब हो गया है। इस पानी को पीने के कारण लोगों में बीमारियों के फैलने का खतरा बढ़ रहा है। संबंधित शिकायत पर तुरंत कार्रवाई करते हुए राज्यमंत्री ने एसडीएम की अध्यक्षता में एक कमेटी गठित करने के निर्देश जिसमें कष्ट निवारण समिति के मैंबर भी शामिल होंगे। यह कमेटी सभी कपनियों में लगे जल उपचार संयंत्रों की जांच करेंगी की वह सही प्रकार से कार्य कर रही है या नही। जांच के दौरान अगर किसी कंपनी में उपचार संयंत्र न मिले या ठीक कार्य करता हुआ न मिले तो संबंधित कंपनी के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करें।

### इन शिकायतों की भी सुनवाई की

▶▶ डॉ. राज सिंह सांगवान द्वारा दी गई पैसे की धोखाधड़ी की शिकायत पर राज्यमंत्री ने इस शिकायत की जांच आर्थिक अपराध शाखा से करवाने के निर्देश।

▶▶ गांव जाजी निवासी विनोद कुमार द्वारा शिकायत दी गई कि डॉक्टर की लापरवाही के कारण उनकी पत्नी की मृत्यु हुई है, इसलिए संबंधित डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई की जाए। संबंधित शिकायत पर राज्यमंत्री ने एडीसी की अध्यक्षता में दोबारा जांच के निर्देश।

▶▶ गांव रायपुर निवासी चान्दराम द्वारा पेड़ों की कटाई को लेकर दी गई शिकायत पर राज्यमंत्री ने संबंधित लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई के निर्देश।

▶▶ कल्याण नगर निवासी मनोज कुमार की अवैध अतिक्रमण की शिकायत पर उन्होंने अधिकारियों को 30 जून तक अवैध अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए।

▶▶ गांव पुगथला निवासी जसवंत द्वारा नाले का निर्माण करने को लेकर शिकायत पर राज्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस नाले का निर्माण निर्धारित भूमि से ही तुरंत करवाया जाए।

▶▶ गांव रामनगर निवासी मुकेश कुमार की प्रदूषण से संबंधित शिकायत पर उन्होंने अधिकारियों को शिकायतकर्ता को साथ लेकर दोबारा जांच के निर्देश।

▶▶ गांव फाजिलपुर में फिरनी पर हुए अवैध कब्जे से संबंधित शिकायत की जांच करने के लिए राज्यमंत्री ने निर्देश दिए।

## नागरिक अस्पताल में अव्यवस्था: गर्मी के चलते बढ़ रही परेशानी

# वार्ड में भर्ती मरीज गर्मी से बचने के लिए खुद लेकर आ रहे कूलर व पंखे

वार्ड में महज कुछ ही कूलर प्रबंधन की तरफ से करवाएं जा रहे उपलब्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

नागरिक अस्पताल में मरीजों को बेहत्तर चिकित्सक सुविधाएं उपलब्ध करवाने के दावे प्रबंधन की तरफ से किए जाते है। अस्पताल के प्रथम तल पर स्थित सर्जिकल वार्ड, महिला सर्जिकल वार्ड में भर्ती मरीज गर्मी से बचने के लिए अपने घर से ही कूलर, पंखे लाने पर मजबूर है। हालांकि प्रबंधन की तरफ से मरीजों के लिए छत के पंखे, व खानापूर्ति के लिए कूलर उपलब्ध करवाने की बात कही जा रही है। वार्ड में भर्ती महिलाओं के लिए शौचालय सीट को लेकर परेशानी का सामना करने पर मजबूर होना पड़ रहा है। प्रबंधन की तरफ से जल्द से जल्द व्यवस्था करने का आश्वासन दिया जा रहा है।

बता दें कि नागरिक अस्पताल में 200 बेड की सुविधा उपलब्ध है। प्रथम तल पर प्रबंधन की तरफ से आईसीयू वार्ड व सर्जिकल वार्ड तैयार किया गया है। सर्जिकल वार्ड में बेड की संख्या 50 की है। अस्पताल में बच्चों को जन्म देने वाली महिलाओं व उनके बच्चों को तीन दिन तक चिकित्सक की देखरेख में रखना होता है। वार्ड में भर्ती मरीजों को चिकित्सक के परामर्श व दवाओं से भले ही रात मिल रही हो, लेकिन सर्जिकल वार्ड में भर्ती मरीजों को उमस, और गर्मी ने बेहाल कर दिया है। गर्मी के चलते वार्ड में रहना मुश्किल हो जाता है।

ऐसी स्थिति में अस्पताल में भर्ती कुछ मरीज गर्मी व उमस से राहत के लिए घर से कूलर व पंखे लेकर आने पर मजबूर है। जबकि, अस्पताल प्रबंधन और उनके अफसर भूतल के कमरों में बैठकर एयर कंडीशनर का आनंद उठा रहे है। हालांकि, प्रबंधन की तरफ से प्रथम व द्वितीय तल पर स्थित पुरुष व महिला भर्ती वार्डों में पंखे और एक-एक कूलर लगाये गये है। जबकि बेड की गिनती के आगे ऊंट के मुंह में जीरा साबित हो रहे है।



सोनीपत। वार्ड में भर्ती महिलाएं व सर्जरी वार्ड में भर्ती युवती खुद का कूलर लगाएं हुए, अलग-अलग बेड पर लेटी महिलाएं व खुद के लगाएं पंखे।

### क्या कहती हैं अस्पताल में भर्ती महिलाएं

अस्पताल में भर्ती बहालगढ़ निवासी रिंकी ने बताया कि उसकी गत 13 जून को सर्जरी हुई थी। उसे प्रथम तल पर वार्ड में भर्ती किया गया। वार्ड में कूलर की संख्या बेहद कम है। जिसके चलते मजबूरी में परिजन कूलर लेकर आए। शनिवार को उसकी चिकित्सक ने छुट्टी करनी है, गर्मी के मौसम में दर्द से ज्यादा गर्मी ने उसे परेशान किया है। वहीं महिला सर्जिकल वार्ड में भर्ती खरखौदा निवासी रशमी, राई निवासी कंचन व नजदीक गीता भवन निवासी काजल ने बताया कि उनकी गत 24 जून को अस्पताल में डिलीवरी हुई है। उन्हें वार्ड में भर्ती किया गया, लेकिन एसी व कूलर की सुविधा नहीं है। मजबूरी में उन्हें अपना कूलर व पंखा लाने पर मजबूर होना पड़ रहा है। महिला कंचन ने कहा कि ऑपरेशन से उसकी डिलीवरी हुई है, लेकिन शौचालय में अंग्रेजी सीट न होने के कारण उसे परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रबंधन को महिलाओं के लिए देशी सीट के साथ अंग्रेजी सीट शौचालयों में उपलब्ध करवानी चाहिए।

### सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रयास किए

प्रबंधन की तरफ से पर्याप्त सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए प्रयास किए है, वार्ड में पांच कूलर स्थापित है। गर्मी का मौसम चल रहा है। जिसके चलते परेशानी बढ़ी है। बिजली कट की परेशानी से बचने के लिए जनरेटर की सुविधा है। शौचालय में नल की समस्या थी जिसे संज्ञान में आने पर तुरंत प्रभाव से दूर करवा दिया गया है।
**-डा. संदीप लठवाल, मीडिया नोडल अधिकारी।**



### महिला वार्ड में जच्चा-बच्चा व सर्जरी की मरीज भर्ती

नागरिक अस्पताल के प्रथम तल पर स्थित सर्जिकल वार्ड में आईसीयू व पुरुष व महिला सर्जिकल वार्ड स्थापित है। वार्डो में पचास बेड की सुविधा है। वहीं आईसीयू बेड अलग से है। अस्पताल में बच्चों को जन्म देने वाली महिलाओं व ऑपरेशन से जन्म देने वाली महिला व उनके शिशुओं को वार्ड में तीन से चार दिन तक चिकित्सक की देखरेख में भर्ती रखा जाता है। मरीजों की सुविधा के लिए बेड तो है, लेकिन तपा देने वाली गर्मी में प्रबंधन की तरफ से महज पांच ही कूलर मुहैया करवाएं गए है। जिसके चलते मरीजों को अपने स्तर पर पंखे व कूलर लाकर गर्मी से बचने का उपाय करना पड़ रहा है।

### दिन में गर्मी, रात में बिजली कट बढ़ रहे परेशानी

भीषण गर्मी से मरीज के साथ परिजन भी बेहाल हालत में अस्पताल में भर्ती मरीज के साथ रहते है। लेकिन उमस और गर्मी की वजह से मरीज के परिजनों का हाल इससे भी ज्यादा बुरा रहता है, मरीज को अकेले नहीं छोड़ने और रात काटने की मजबूरी इनके सामने होती है। लिहाजा दर्जनों महिला व पुरुष मरीज व उनके परिजन चौबीसों घंटे भीषण गर्मी सहने को मजबूर हैं। वैसे भी यह नजारा न केवल अस्पताल के एक वार्ड में है, बल्कि द्वितीय तल पर स्थित वार्ड में इसी तरह की स्थिति बनी हुई है। दिन में गर्मी तो रात को कई बार लाइट जाने के कारण परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## मौसम : कड़ी धूप ने किया परेशान, पारा भी बढ़ा

- वीरवार के मुकाबले शुक्रवार को और बढ़ गई गर्मी
- शनिवार से बारिश की संभावना जता रहा है मौसम विभाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिलेभर में शुक्रवार को तेज धूप और उमस ने लोगों को बेहाल कर दिया। वीरवार के मुकाबले शुक्रवार को तापमान में और बढ़ोतरी दर्ज की गई। सुबह से ही सूरज की तीखी किरणों ने तपिश बढ़ा दी, जिससे दोपहर होते-होते सड़कों पर चहल-पहल कम हो गई। मौसम विभाग ने शनिवार से बारिश की संभावना जताई है, जिससे लोगों को कुछ राहत मिलने की उम्मीद है। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 40.7 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जो सामान्य से करीब 2 डिग्री ज्यादा रहा। तेज धूप और हवा न चलने के कारण उमस भी बढ़ी, जिससे कामकाजी लोगों और राहगीरों को खासी दिक्कत का सामना करना पड़ा।

कृषि विज्ञान केंद्र से जुड़े विशेषज्ञों के मुताबिक, तापमान का यह उतार-चढ़ाव खरीफ की फसलों के लिए नुकसानदायक है। मौसम विभाग के अनुसार, शनिवार शाम से प्री-मानसून की पहली बारिश की संभावना बन रही है। अगर यह अनुमान सही साबित होता है, तो किसानों और आमजन को बड़ी राहत मिल सकती है।

### किसानों की बढ़ी चिंता

मौजूदा गर्मी का सबसे ज्यादा असर किसानों पर पड़ रहा है। धान की रोपाई का समय चल रहा है, लेकिन पर्याप्त नमी न होने के कारण खेतों में पानी की जरूरत बढ़ गई है। ट्यूबवेल से लगातार सिंचाई करनी पड़ रही है, जिससे डीजल और बिजली का खर्च भी बढ़ा है। किसानों का कहना है कि यदि अगले दो-तीन दिन में बारिश नहीं हुई, तो फसलों पर विपरीत असर पड़ सकता है।

## यमुना से भूमि कटाव रोकने के लिए ठोकरें लगाने में लापरवाही से ग्रामीणों में रोष

**गन्नौर।** यमुना नदी के किनारे बसे गांवों में जल स्तर बढ़ने से भूमि कटाव की समस्या को लेकर ग्रामीणों में गहरी चिंता बनी हुई है। बेगा घाट के पास खेती करने वाले किसानों का कहना है कि प्रशासन द्वारा भूमि कटाव को रोकने के लिए ठोकरें लगाने की योजना तो बनाई जाती है, लेकिन उसे समय पर अमल में नहीं लाया जाता। ग्रामीणों का आरोप है कि बेगा घाट पर पत्थर तो घाट के पास उतारे जा चुके हैं, लेकिन ठोकरों का निर्माण कार्य अभी तक शुरू नहीं हुआ है। जबकि यमुना का जल स्तर अब बढ़ना शुरू हो गया है। इससे यह स्पष्ट हो रहा है कि प्रशासन सिर्फ कागजों में काम दिखा रहा है, जबकि जमीनी स्तर पर लापरवाही की जा रही है। स्थानीय लोगों ने कहा कि यमुना का जलस्तर धीरे-धीरे बढ़ रहा है और जल्द ही बाढ़ जैसे हालात बन सकते हैं। यदि समय रहते ठोकरें नहीं बनाई गईं तो पानी खेतों में घुसकर फसलें नष्ट कर सकता है और भूमि का कटाव भी तेज हो सकता है। ग्रामीणों ने कहा प्रशासन जलस्तर बढ़ने के बाद जागता है, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। उन्होंने मांग की कि जल्द से जल्द ठोकर निर्माण शुरू किया जाए, ताकि गांव और किसानों की जमीन सुरक्षित रह सके।



गन्नौर। यमुना के बेगा घाट पर रखवाई गई ठोकरें।

## समाधान शिविर में शिकायत के बाद संबंधित विभाग के जेई को दिए आदेश : एसडीएम

# बरसात नजदीक, नहीं हुई भोगीपूर गांव के पास से ड्रेन की सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

मानसून का समय नजदीक है लेकिन भोगीपूर गांव के पास से गुजर रही ड्रेन नम्बर 6 की अभी तक सफाई नही होने से ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिससे ग्रामीणों में प्रशासन के प्रति रोष है। ग्रामीण पवन राठी, सतबीर सिंह, अनिल राठी, प्रवीन, पुष्पा, वंशिका, कुंश राठी, जगबेद, नवीन राठी, निशा ने बताया कि बरसात होने पर ड्रेन की सफाई न होने के कारण गांव के आसपास जलभराव की स्थिति हो जाती है।

उन्होंने बताया कि ड्रेन की सफाई न होने के कारण पानी जलकुंभी व कबाड़ उगने के कारण ड्रेन के साथ बने रास्ते पीछे से बरसात के पानी का दबाव बनने के कारण सारी जलकुम्भी ओवरफ्लों होने के कारण ड्रेन के साथ बने रास्ते में फैल जाती है। जिससे ड्रेन का कीचड़ भी रास्ते में फैल जाता है। जिससे आवागमन का रास्ता बिल्कुल बंद हो जाता है। उन्होंने बताया कि ज्यादा बरसात होने के बाद तो ये हाल हो जाता है कि ड्रेन के ऊपर से गुजरकर जाने वाले शमशान घाट के रास्ते का पता नही चलता, पानी ही पानी हो जाता है।

जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ग्रामीण पवन ने बताया कि अगर समय रहते ड्रेन की सफाई नही की तो ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि सफाई न होने के कारण रास्ता बंद होने की ग्रामीणों को चिंता सताने लगी है कि बरसात के मौसम में वे कैसे अपने घर तक आवागमन करेंगे। उन्होंने उपायुक्त, एसडीएम से ड्रेन की सफाई करवाने की मांग की।



गन्नौर। ड्रेन की सफाई न होने के कारण भोगीपूर गांव में ड्रेन में उगी जलकुम्भी व कबाड़।

### जहां- जहां जरूरत है, वहां सफाई करवाई गई शिकायत मिलने पर जेई को दिए आदेशः एसडीएम

एसडीएम प्रवेश कादियान ने बताया कि ड्रेन की पूरी सफाई होने का टैंडर तो नहीं लगा है लेकिन जहां-जहां जरूरत है, वहां सफाई करवाई गई है। भोगीपूर गांव के पास ड्रेन की सफाई करवाई जाएगी। समाधान शिविर में शिकायत आने के बाद संबधित विभाग के जेई को गांव के पास सफाई कराने के आदेश दिए है।


South Point
GROUP OF INSTITUTIONS, SONIPAT
Run by Mange Ram Educational and Charitable Trust (Regd.)
98120 20033, 98124 21919, 90344 72910
Direct Admission
- B.Tech / LEET (CSE, ECE, Mechanical, Civil)
- M.Tech (CSE, ECE) • M.Tech Part Time (ECE / CSE)
- Diploma / LEET (CSE, ECE, Electrical, Mechanical, Civil, MLT)
- BBA, BCA, MBA, MCA
- B.A. LL.B (Hons.), L.L.B. (Hons.), LLM (Hons.)
- B.A., B.Sc. (Medical/ Non-Medical), B.Com, M.Com, PGD (Yoga)
- M.Sc. (Physics, Chemistry, Maths)
- M.A. (English, Hindi, History, Pol. Science)
- B.Ed., M.Ed., JBT / D.Ed., B.P.Ed.
- D.Pharm, B.Pharm, B. Pharm / Leet
- B.Sc. (Nursing)
- CBSE Affiliated, Sr. Sec. Schools

www.southpoint.net.in
DILBAG S. KHATRI
Chairman
98120 20033



सबसे ऊंची उड़ान भरने वाला पक्षी गिद्ध है, जो 11,000 मीटर की ऊंचाई तक उड़ सकता है।



सबसे बड़ा मकड़ी का जाला 28 मीटर चौड़ा और 34 मीटर लंबा हो सकता है।

# अच्छी जॉब चाहिए तो सीखनी होगी अच्छी स्किल



**नॉलेज**


**यंगभूमि डेस्क**

आजकल जमाना काफ़ी तेजी से आगे बढ़ रहा है। हर दिन नई-नई टेक्नोलॉजी सामने आ रही है। ऐसे में मनुष्य का भी नई टेक्नोलॉजी के अनुसार ढलना जरूरी है। अब ऐसा नहीं है कि आपने कोई भी पढ़ाई की और आराम से नौकरी मिल जाएगी। अब विद्यार्थियों को नौकरी लेने के लिए काफी मेहनत करनी पड़ती है। नौकरी लेने के लिए अब पढ़ाई नहीं बल्कि स्किल होनी चाहिए। आपको जॉब देने वाले लोग देखेंगे कि आपके अंदर किसी काम को करने के लिए कितना कौशल है। आप किस प्रकार किसी भी कम को करते हैं या समझते हैं और उसे कितने तरीके से कर सकते हैं।

## कौशल होना जरूरी

**आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इंजीनियरिंग :** आज का जमाना आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का है। हर कोई मोबाइल और इंटरनेट पर अपना पूरा समय व्यतीत करता है। इस प्रक्रिया में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एक ऐसा माध्यम है जहां मशीन आपके अनुसार कार्य करती है। आने वाले वक़्त में पूरी दुनिया आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का बड़े पैमाने पर उपयोग करेगी। इस कारण आज के समय में अगर आप एक ऐसी नौकरी पाना चाहते हैं जिनकी मांग बहुत ज्यादा हो, कंपटीशन कम हो और ज्यादा से ज्यादा पैसा मिले तो आपको आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का कोर्स करना चाहिए। यह कोर्स आप आसानी से ऑनलाइन या ऑफलाइन कर सकते है। किसी भी संस्था के साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का कोर्स करने के लिए सबसे पहले आपको पूरी जानकारी एकत्रित कर लेनी है।

## मशीन लर्निंग



आज के डिजिटल दौर में अलग-अलग कंप्यूटर व अलग-अलग तरह की मशीन बनाई जा रही है। यही वजह है कि मशीन लर्निंग की मांग काफी तेज हो चुकी है। इसके लिए आपको अलग-अलग कंप्यूटर लैंगवेज की समझ होनी चाहिए। मशीन लर्निंग के बारे में अच्छे से समझ कर आप अच्छी कमाई कर सकते है। बहुत सारी कंपनी में मशीन लर्निंग का काम करने वाले कर्मचारी को अच्छी सैलरी दी जाती है। इस समय भी इसकी काफी ज्यादा डिमांड है और इस क्षेत्र में कंपटीशन भी नहीं है। आप ऑनलाइन या ऑफलाइन माध्यम से मशीन लर्निंग के बारे में जान सकते है और ज्यादा से ज्यादा कंप्यूटर लैंग्वेज सीखकर मशीन लर्निंग के क्षेत्र में तरक्की कर

## ये योग्यताएं भी होना बहुत जरूरी

### क्लाउड कंप्यूटिंग

आज से कुछ वक्त पहले कंप्यूटर में जानकारी को स्टोर करने की प्रोसेस थोड़ी अलग थी और अब लोगों की संख्या बढ़ाने और हैकिंग होने के कारण क्लाउड कंप्यूटिंग दिन प्रति दिन पॉपुलर हो रहा है। जानकारी को एकत्रित रखने का एक शानदार माध्यम है जो आपकी वेबसाइट और सॉफ्टवेयर को हल्का रखता है। अगर आप इस दौर में में कोई ऐसी नौकरी चाहते हैं जहां कंपटीशन कम हो और आपकी काबिलियत के अनुसार आपको हाई सैलरी वाली जॉब मिल सके तो आज के समय में हर बच्चे को क्लाउड कंप्यूटिंग के बारे में जानकारी प्राप्त करनी चाहिए।

### ब्लोक चेन टेक्नॉलाजी

पिछले समय से आपने बिटकॉयन के बारे में काफ़ी सुना होगा। यह एक करेंसी है जो ब्लाकचैन टेक्नोलॉजी पर चलती है। यही कारण है कि बिटकॉइन को कोई एक संस्था कंट्रोल नहीं करती है यह टेक्नोलॉजी इस कारण से लोगों के बीच काफी विख्यात हुई है और इस टेक्नोलॉजी को अन्य क्षेत्र में भी उपयोग करने की कोशिश की जा रही है। आगामी समय में ब्लाकचैन टेक्नोलॉजी का प्रयोग लगभग सभी संस्थाओं में किया जाएगा। अगर आप भी अच्छा पैसा कमाना चाहते है और अच्छी जॉब लेना चाहते है तो इसके बारे में पूरी जानकारी प्राप्त करें और इसके बारे में अच्छी तरह समझे। इसके लिए आपको ब्लोक चेन टेक्नॉलाजी स्किल पर पूरा कमांड प्राप्त करना होगा।

### फाइनेंस मैनेजर

फाइनेंस के क्षेत्र में बहुत सारे ऐसे कोर्स हैं जिनके बारे में आपको पता होना चाहिए। जितनी जल्दी जमाना ग्रोथ कर रहा है लोगों की खरीदने की आदत उतनी गति से तेज़ हो रही है। पहले की अपेक्षा आज लोग ज्यादा खरीदारी करते हैं।



---

## आपके विदेश जाने के सपनों को भी कर सकते हैं पूरा

# विदेश में मिलेगा लाखों का पैकेज, भारी डिमांड वाले ये कोर्स बनाएंगे करियर

**जॉब ट्रेंड्स**

**करियर डेस्क**

### फाइनेंस फील्ड में 60 लाख सालाना तक वेतन

विदेश में नौकरी का सपना हर युवा देखता है, लेकिन कम ही लोग विदेश में नौकरी कर पाते हैं। यदि आप भी विदेश में अच्छी नौकरी करके लाखों रुपए कमाना चाहते हैं तो यह इंफरमेशन आपके लिए ही है। आपको 12वीं के बाद ऐसे कोई कोर्स करना चाहिए, जिसकी विदेशों में भी काफी डिमांड रहती है। इनमें मैकेनिकल इंजीनियर, कंप्यूटर साइन्स, सिविल इंजीनियरिंग, बीमा विज्ञान, बायोमेडिकल इंजीनियरिंग, फार्मास्यूटिकल साइन्स, डिजिटल मार्केटिंग, डाटा एनालिटिक्स, मरीन इंजीनियरिंग, मीडिया और एनिमेशन कोर्स की डिमांड ज्यादा है। ऐसे कई कोर्स है जो लाखों की कमाई के साथ अच्छा करियर बनाने में मददगार साबित हो सकते हैं। साथ ही विदेश जाने का सपना भी पूरा कर सकते हैं।



### मेकेनिकल इंजीनियर

विदेशों में टेक्निकल लोगों की काफी डिमांड है। खासकर मशीनरी और उसके पार्ट्स को डिजाइन और डवलप करने का काम करने वाली कंपनियों में काफी जॉब है। इसमें मैन्यूफैक्चरिंग प्रोसेस की देखरेख करने का भी काम होता है। मैकेनिकल इंजीनियरिंग कोर्स की सबसे ज्यादा मांग अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम, आस्ट्रेलिया और कनाडा जैसे देशों में है। यहां मैकेनिकल इंजीनियर को सालाना 56 लाख रुपए की सैलरी पर आसानी से नौकरी मिल जाती है।



### कंप्यूटर साइन्स

कंप्यूटर के युग में नई-नई टेक्नालॉजी आ रही है, कंप्यूटर सिस्टम में नए-नए एप्लीकेशन और सॉफ्टवेयर आ रहे हैं। ऐसे में कंप्यूटर साइंस कोर्स आपको अच्छे पैकेज वाली नौकरी विदेश में दिलवाएगा। विदेशों में साइबर फ्राड काफी ज्यादा बढ़ गए हैं, ऐसे में वहां कंप्यूटर साइंस की डिमांड भी लगातार बढ़ रही है। कंप्यूटर साइन्स में कंप्यूटर सिस्टम और उसके नेटवर्क की सुरक्षा करना, डाटा को हैकिंग से बचाना और साइबर क्राइम से प्रोटेक्शन करना सिखाया जाता है। कंप्यूटर साइंस के स्टूडेंट्स खासकर भारतीय स्टूडेंट्स की काफी डिमांड विदेशों में ज्यादा रहती है। इस कोर्स के बाद आप अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम, आयरलैंड, जर्मनी और इजरायल में जॉब कर सकते हैं। सालाना पैकेज भी 61 लाख से अधिक का मिल सकता है।

### सिविल इंजीनियरिंग

भारत के सिविल इंजीनियरिंग करने वाले स्टूडेंट्स की डिमांड भी विदेशों में इसलिए है क्योंकि भारत के इस कोर्स में पब्लिक, प्राइवेट सेक्टर्स में सड़क, भवन, बिल्डिंग्स एयरपोर्ट, सुरक्षा के लिए निर्माण और जलापूर्ति का डिजाइन करना इस कोर्स के अंतर्गत आता है। और, इसी की डिमांड यूएई, आस्ट्रेलिया और अमेरिका में काफी है। क्योंकि इन देशों में लगातार विस्तार हो रहा है। सैलरी का पैकेज भी 55 लाख सालाना मिलता है।

### बीमा विज्ञान

यदि आप बीमा विज्ञान के क्षेत्र में कोर्स कर रहे हैं तो निश्चित ही आप विदेश में नौकरी करेंगे। क्योंकि इसकी काफी डिमांड विदेशों में बढ़ गई है। वित्त के क्षेत्र में बीमा के लिए सांख्यिकी, रिस्क और मॉडलिंग के साफ्टवेयर, तकनीकों का इस्तेमाल इस कोर्स में होता है। इंश्योरेंस साइंस में कोर्स करने वाले स्टूडेंट्स अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम, आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में आसानी से जॉब कर सकते हैं। सालाना पैकेज 65 लाख से ज्यादा हो सकता है।

### बायोमेडिकल इंजीनियरिंग

यदि आप बायोमेडिकल इंजीनियरिंग का कोर्स कर रहे हैं तो आपके लिए भी विदेश में नौकरी के काफी अवसर मिलेंगे। मेडिकल के क्षेत्र में इंजीनियरिंग स्किल्स का उपयोग और हेल्थकेयर में उपयोग होने वाले उपकरण तैयार करने, डिजाइन और उन पर रिसर्च करना, इस कोर्स का हिस्सा है। इसके बाद आपको न्यूजीलैंड, आस्ट्रेलिया, आयरलैंड, यूके और कनाडा में 58 लाख रुपए की सालाना सैलरी पर नौकरी मिल सकती है।



### फार्मास्यूटिकल साइन्स

कोरोना काल के बाद यह सेक्टर काफी ऊंचाइयों पर पहुंच गया है। इन दिनों भी डिमांड लगातार बढ़ रही है। फार्मास्यूटिकल साइन्स का कोर्स आपका करियर बना देगा। इसमें नई-नई दवाओं को विकसित करना, उनकी टेस्टिंग करना और उन्हें मैन्यूफैक्चर करने का काम सिखाया जाता है। इस कोर्स के बाद आपको कनाडा, यूनाइटेड किंगडम, आयरलैंड, न्यूजीलैंड और आस्ट्रेलिया में 60 लाख रुपए के सालाना पैकेज पर नौकरी आसानी से मिल सकती है।

### डिजिटल मार्केटिंग

कोरोना काल के बाद अब लोग डिजिटल तरीकों से ज्यादा काम करने लगे हैं। कई कंपनियां भी डिजिटल मार्केटिंग पर जोर दे रही हैं। यही कारण है कि अब सभी प्लानिंग डिजिटल प्लेटफॉर्म को ध्यान में रखकर की जाने लगी है। इनमें सोशल मीडिया के फेसबुक, वाट्सएप, ट्विटर, इंस्टाग्राम जैसी साइट्स के जरिए भी काम होने लगा है। देश ही नहीं विदेशों में भी मैनेजर और ऑनलाइन कंटेंट क्रिएटर्स जैसे प्रोफेशनल्स की मांग काफी बढ़ रही है। यह फील्ड क्रिएटिव वर्क के साथ ही अच्छी-खासी सैलरी भी दे रही है।

### डाटा एनालिटिक्स

कई कंपनियां डाटा एनालिटिक्स की भी भर्ती करती है। क्योंकि डाटा के जरिए कंपनी सेल्स स्ट्रेटेजी के जरिए कंपनी को आगे बढ़ा सकती है। इसका कोर्स भी युवाओं में काफी लोकप्रिय हो रहा है। डाटा साइंटिस्ट की मांग विदेशों में ज्यादा बढ़ गई है। लाखों का सालाना पैकेज भी कंपनियां दे रही हैं। गणित, स्टेटिस्टिक्स और कंप्यूटर एप्लिकेशन के स्टूडेंट्स डाटा साइंटिस्ट या डाटा एनालिटिक्स का कोर्स कर विदेशों में नौकरी आसानी से पा सकते हैं।

### मरीन इंजीनियरिंग


यदि आप मरीन क्षेत्र में नौकरी का सपना देख रहे हैं, तो यह इसका कोर्स आपको बेहतरीन करियर बनाने में मदद करेगा। मरीन इंजीनियरिंग कोर्स कर आप देश-विदेश के मरीन फिल्म में नौकरी कर सकते हैं। मरीन इंजीनियरिंग का काम करने वाले युवा जहाज की मरम्मत करने और उसकी देखरेख का काम करते हैं। इसमें भी लाखों रुपए का पैकेज मिलता है।

### मीडिया और एनिमेशन कोर्स

जर्नलिज्म, फिल्म इंडस्ट्री और ब्रांड एनिमेशन में रुचि रखने वाले स्टूडेंट्स भी विदेशों में जॉब कर सकते हैं। इस कोर्स के लिए सबसे जरूरी है क्रिएटिव स्किल्स। इसमें एनिमेशन की डिमांड है, विज्ञापन और मार्केटिंग के लिए भी इसका उपयोग होता है। इस कोर्स के बाद काफी जॉब विदेशी कंपनियों में निकल रहे हैं। सैलरी भी काफी आकर्षक है। इस कोर्स के जरिए आप अपना बिजनेस भी शुरू कर सकते हैं, देश में रहकर या विदेश में रहकर भी आप अच्छा पैकेज पर जॉब कर सकते हैं।

---

# नकारात्मकता को अपनी ताकत बनाकर मजबूती के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़े



**मोटिवेशनल**

**डॉ. दिव्या तंवर**

जीवन में कई बार हम ऐसे माहौल में फंस जाते हैं, जहां नकारात्मकता हमारा हौसला तोड़ने की कोशिश करती है। चाहे वह पढ़ाई का दबाव हो, दोस्तों या परिवार की आलोचना, असफलता का डर, या समाज की नकारात्मक सोच, ये सभी हमारे आत्मविश्वास को कमजोर कर सकते हैं। लेकिन, प्रिय छात्रों, यह याद रखें कि आपकी ताकत आपके भीतर है। नकारात्मक माहौल को न केवल सहन किया जा सकता है, बल्कि उसमें भी आप मजबूती के साथ आगे बढ़ सकते हैं। आइए, जानते हैं कि कैसे आप नकारात्मकता को अपनी ताकत में बदल सकते हैं। नकारात्मक माहौल तब सबसे ज्यादा प्रभावित करता है, जब हम अपने लक्ष्य से भटक जाते हैं। अपने सपनों को हमेशा सामने रखें। चाहे लोग आपको कितना भी निराश करें, यह याद रखें कि आपका लक्ष्य आपकी प्रेरणा है। हर सुबह अपने आप से पूछें, "मैं यह क्यों कर रहा हूँ?"

## अपने दिमाग को अच्छे विचारों से भरें

**अपने जवाब को ही अपनी ढाल बनाएं। उदाहरण के लिए, अगर आप एक परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं, तो नकारात्मक टिप्पणियों को अनदेखा करें और अपने अध्ययन पर ध्यान दें।**

**सकारात्मक सोच को अपनाएं :** नकारात्मक माहौल में सकारात्मक सोच आपका सबसे बड़ा हथियार है। हर दिन अपने आप को कुछ सकारात्मक बातें कहें, जैसे "मैं मेहनती हूँ" "मैं अपने लक्ष्य को हासिल कर सकता हूँ।" नकारात्मक लोगों की बातों को सुनें, लेकिन उन्हें दिल से न लगाएं। इसके बजाय, उनसे प्रेरणा लें कि आपको और बेहतर करना है। सकारात्मक किताबें पढ़ें, प्रेरणादायक कहानियाँ सुनें, और अपने दिमाग को अच्छे विचारों से भरें।

**अपने समय का सही उपयोग करें :** नकारात्मक माहौल में समय बर्बाद करना सबसे आसान होता है। लोग आपको हतोत्साहित कर सकते हैं, लेकिन आपका समय आपका है। इसे बुद्धिमानी से उपयोग करें। एक समय सारणी बनाएं और उसका पालन करें। पढ़ाई, खेल, और आत्म-विकास के लिए समय निकालें। जब आप अपने समय का सही उपयोग करते हैं, तो नकारात्मकता आपके दिमाग में जगह नहीं बना पाती।

**सही लोगों का साथ चुनें :** आपके आसपास के लोग आपके विचारों और भावनाओं को बहुत प्रभावित करते हैं। उन लोगों के साथ समय बिताएं जो आपको प्रेरित करते हैं, जो आपका हौसला बढ़ाते हैं। अगर आपके दोस्त या सहपाठी लगातार नकारात्मक बातें करते हैं, तो उनसे दूरी बनाएं। ऐसे गुरु, दोस्त, या परिवार के सदस्यों का साथ चुनें जो आपको आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करें।

**असफलता को सीखने का अवसर बनाएं :** नकारात्मक माहौल में अक्सर असफलता का डर हमें कमजोर करता है। लेकिन असफलता कोई अंत नहीं, बल्कि एक नई शुरुआत है। हर गलती से सीखें। अगर आप किसी परीक्षा में अच्छे अंक नहीं ला पाए, तो निराश होने के बजाय यह विश्लेषण करें कि क्या गलत हुआ और उसे कैसे सुधारा जा सकता है। थॉमस एडिसन ने बल्ब बनाने में हजारों बार असफलता देखी, लेकिन उन्होंने कभी हार नहीं मानी। आप भी अपनी असफलताओं को अपनी ताकत बनाएं।

**शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखें :** नकारात्मक माहौल में मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ रहना बहुत जरूरी है। रोज़ाना व्यायाम करें, योग या ध्यान का अभ्यास करें। यह आपके दिमाग को शांत रखता है और तनाव को कम करता है। अच्छा खाना खाएं, पर्याप्त नींद लें, और अपने शौक को समय दें। जब आप शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत होंगे, तो नकारात्मकता का आप पर कोई असर नहीं होगा।

## आभार व्यक्त करें

नकारात्मक माहौल में भी कुछ न कुछ अच्छा जरूर होता है। हर दिन इसके लिए आभार व्यक्त करें। उदाहरण के लिए, आपके पास पढ़ने का अवसर है, एक परिवार है, या दोस्त हैं जो आपका साथ देते हैं। आभार की भावना आपको सकारात्मक बनाए रखती है और नकारात्मकता को दूर भगाती है।

**खुद पर भरोसा रखें :** सबसे महत्वपूर्ण बात, खुद पर भरोसा करें। आप में वह ताकत है जो किसी भी नकारात्मक माहौल को पार कर सकती है। लोग जो कहते हैं, वह उनकी सोच है, आपकी हकीकत नहीं। अपनी क्षमताओं पर विश्वास करें और हर कदम पर खुद को प्रोत्साहित करें। आपके पास वह शक्ति है जो दुनिया को बदल सकती है। बस उस शक्ति को पहचानें और आगे बढ़ें। यह शक्ति आपके आत्मविश्वास, मेहनत और सकारात्मक सोच में छिपी है। नकारात्मक माहौल या चुनौतियाँ आपको रोक सकती हैं, लेकिन अगर आप अपने लक्ष्य पर केंद्रित रहें और अपनी क्षमताओं पर भरोसा करें, तो कोई भी बाधा आपको नहीं हरा सकती। हर छात्र के भीतर एक अनमोल ऊर्जा है, जो सही दिशा में उपयोग करने पर न केवल आपके जीवन को बदल सकती है, बल्कि समाज और दुनिया को भी बेहतर बना सकती है। इस शक्ति को पहचानें, अपने सपनों को पंख दें, और हर कदम पर दृढ़ता के साथ आगे बढ़ें।

## सामान्य ज्ञान

**1.** भारत के किस प्रदेश की सीमाएं तीन देशों क्रमशः नेपाल, भूटान एवं चीन से मिलती है ?
(ए) अरुणाचल प्रदेश
(बी) मेघालय
(सी) पश्चिम बंगाल
(डी) सिक्किम

**2.** कौन - सा महत्त्वपूर्ण अक्षांश भारत को दो लगभग बराबर भागों में विभाजित करता है ?
(ए) $23^\circ 30'$ दक्षिण
(बी) $23^\circ 30'$ उत्तर
(सी) 0 डिग्री
(डी) $33^\circ 30'$ उत्तर

**3.** भारत का सुदूर पश्चिम का बिंदु है -
(ए) $23^\circ 7'$ पश्चिम, गुजरात में
(बी) $68^\circ 7'$ पश्चिम, राजस्थान में
(सी) $68^\circ 7'$ पूर्व, गुजरात में
(डी) $68^\circ 7'$ पूर्व, राजस्थान में

**4.** अरावली एवं विंध्य श्रृंखलाओं के मध्य कौन - सा पठार स्थित है ?
(ए) मालवा का पठार
(बी) छोटानागपुर का पठार
(सी) दक्कन का पठार
(डी) प्रायद्वीपीय पठार

**5.** सिलवासा राजधानी है -
(ए) दमन एवं दीव की
(बी) दादरा एवं नगर हवेली की
(सी) लक्षद्वीप की
(डी) अरुणाचल प्रदेश की

**6.** निम्नलिखित राज्यों में से किसकी तटरेखा सर्वाधिक है ?
(ए) गुजरात
(बी) महाराष्ट्र
(सी) केरल
(डी) तमिलनाडु

**7.** उत्तर भारत में उप हिमालय क्षेत्र के सहारे फैले समतल मैदान को क्या कहा जाता है ?
(ए) तराई
(बी) दून
(सी) खादर
(डी) भावर

**8.** कोरी निवेशिका जिस पर स्थित है, वह है -
(ए) कच्छ की खाड़ी
(बी) खम्भात की खाड़ी
(सी) कच्छ का लिटिल रन
(डी) कच्छ का रन

**उत्तर** 1.(डी) 2.(बी) 3.(सी) 4.(ए) 5.(बी) 6.(ए) 7.(डी) 8.(सी)

## खबर संक्षेप

### शादी की वर्षगांठ पर दंपती ने किया रक्तदान

**सोनीपत।** मलिकपुर निवासी मांगेराम और उनकी पत्नी प्रीति ने विवाह की 21वीं वर्षगांठ पर रक्तदान किया। उनके साथ बेटे शुभम ने भी रक्तदान किया। मांगेराम ने पांचवीं बार रक्तदान किया। आशा कार्यकर्ता प्रीति ने भी पांचवीं बार रक्तदान किया। शुभम ने दूसरी बार रक्तदान किया। मांगेराम ने बताया कि सामाजिक कार्यकर्ता प्रेम गौतम की प्रेरणा से वह पांच साल से हर वर्षगांठ पर रक्तदान करते हैं।

### दस दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में रोहिणी प्रथम

**सोनीपत।** सार्वदेशिक आर्यवीरागना दल द्वारा गुरुकल चोटीपुरा अमरोहा में आयोजित दस दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में सोनीपत से 38 वीरांगनाओ ने भाग लिया। इसमे सोनीपत से रोहिणी आर्या ने प्रथम स्थान पर रहकर व्यायाम शिक्षिका की उपाधि प्राप्त की। शाखा नायक श्रेणी मे तान्या ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सोनीपत से तीन कन्याओ को उपव्यायाम शिक्षिका, 32 कन्याओं को शाखा नायक एवं दो कन्याओ को आर्यवीरागना श्रेणी की उपाधि दी गई।

### अभियान चलाकर रोपित किए 10 पौधे

**सोनीपत।** जनहित अभियान फाउंडेशन की ओर से रेडक्रॉस भवन में पौधरोपण अभियान चलाया गया। रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव गौरव रामकरण ने पौधा लगाकर किया इस अभियान की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि पेड़ों के बिना धरती पर जीवन संभव नहीं है। हमें ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने चाहिए। उन्होंने लोगों से आह्वान करते हुए कि कि जब तक पौधे पेड़ नहीं बन जाते उनकी देखभाल करें। फाउंडेशन के अध्यक्ष नरेंद्र हुड्डा ने बताया कि समय-समय पर पौधरोपण अभियान चलाया जाता है।

### रक्तदान और स्वास्थ्य जांच शिविर कल

**सोनीपत।** दी इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की सोनीपत ब्रांच द्वारा सेक्टर 15 स्थित जागृति धाम में 29 जून (रविवार) को एक रक्तदान एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन आर्म्ड फोर्सेस ट्रांसफ्यूजन सेंटर के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य देश की सेना के लिए रक्त संग्रहण करना और आमजन में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना है।

### रैली निकालकर नशे के खिलाफ किया जागरूक

**सोनीपत।** टीकाराम कन्या महाविद्यालय में यूथ रेडक्रॉस सेल द्वारा नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के विरुद्ध अंतर्राष्ट्रीय दिवस के उपलक्ष्य में नशीली दवाओं के दुष्प्रभाव और तस्करी के खिलाफ विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर छात्राओं ने एक जागरूकता रैली का आयोजन किया, जिसमें उन्होंने आमजन को ड्रग एब्यूज के दुष्परिणामों के बारे में जानकारी दी और नशे से दूर रहने का संदेश दिया।

### सांत्वना देने विजय के घर पहुंचे दुष्यंत चौटाला

**खरखौदा।** पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला शुक्रवार को गोपालपुर गांव में सांत्वना देने विजय के घर पहुंचे। इस दौरान एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि उनके समय में प्राइवेट कंपनियों में 75 प्रतिशत आरक्षण हरियाणा के युवाओं के लिए लेकर आए थे। लेकिन उस पर कोर्ट का स्टे हो गया। जिसके बाद उसका फायदा अब निजी कंपनियां उठा रही है। यही कारण है कि मारुति सहित अन्य कंपनियां मनमानी पर उतरी हुई है। इस स्टे का फायदा उठा रही है।

### पांच दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न

**गोहाना।** शिक्षा क्षेत्र में गुणवत्ता सुधार को लेकर राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गोहाना में प्राथमिक शिक्षकों के लिए 24 से 27 जून तक आयोजित पांच दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न हो गया। शैक्षणिक खंड गोहाना के एफएलएन ट्रेनिंग को-ऑर्डिनेटर बीआरपी रवीन्द्र गर्ग ने बताया कि शिविर में 267 शिक्षकों को सात ग्रुपों में नई रणनीतियों के तहत प्रशिक्षित किया गया।

## जिले के 497 प्राथमिक व 201 वमावि में करवाया जाएगा काम

# विद्यालयों को एसएमसी बजट के तहत 5. 23 लाख की राशि जारी

### प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों को मिलेंगे 750 रुपए

राशि स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं, मरम्मत कार्य, साफ-सफाई और शैक्षणिक वातावरण सुधारने के लिए दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिले के सभी प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलो में बुनियादी सुविधाओं, मरम्मत कार्य और साफ सफाई के लिए विशेष बजट जारी किया गया है। विद्यालय प्रबंधन समिति (एसएमसी) के तहत जारी किया गया यह बजट 5.23 लाख रुपये है। इन रुपयों से जिले के सभी ब्लॉकों में स्थित कुल 497 प्राथमिक और 201 वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में काम करवाया जाएगा। यह राशि स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं, मरम्मत कार्य, साफ-सफाई और शैक्षणिक वातावरण सुधारने के लिए दी गई है। औसतन प्रत्येक प्राथमिक विद्यालय और वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय को 750 की दर से बजट स्वीकृत किया गया है। एसएमसी के तहत जिले में दिए गए अनुदान में सबसे अधिक अनुदान सोनीपत ब्लॉक को मिलेगा, क्योंकि सोनीपत ब्लॉक में सबसे अधिक स्कूलों की संख्या है। सोनीपत ब्लॉक में कुल 167 स्कूलों को अनुदान मिलेगा, जिसमें से 131 प्राथमिक और 36 माध्यमिक स्कूल हैं। दूसरे नंबर पर गन्नौर ब्लॉक में आता है, जिसमें कुल 139 स्कूलों को अनुदान मिलेगा। इसमें 101 प्राथमिक तथा 38 माध्यमिक स्कूल हैं। वहीं गोहाना ब्लॉक में 84 स्कूलों, कथूरा ब्लॉक में 45, खरखौदा में 84, मुंडलाना में 67, राई ब्लॉक में 112 स्कूलों को अनुदान मिलेगा।

#### बजट वितरण का ब्लॉकवार विवरण

| ब्लॉक | प्राथमिक | प्राप्त अनुदान | माध्यमिक | प्राप्त अनुदान |
|---|---|---|---|---|
| गन्नौर | 101 | 75,750 | 38 | 28,500 |
| गोहाना | 53 | 39,750 | 31 | 23,250 |
| कथूरा | 28 | 21,000 | 17 | 12,750 |
| खरखौदा | 54 | 40,500 | 30 | 22,500 |
| मुंडलाना | 43 | 32,250 | 24 | 18,000 |
| राई | 87 | 65,250 | 25 | 18,750 |
| सोनीपत | 131 | 98,250 | 36 | 27,000 |
| कुल | 497 | 3,72,750 | 201 | 1,50,750 |

# एमएसएमई अर्थव्यवस्था की रीढ़ : विजय

- एमएसएमई के नाम कार्यक्रम में उद्योगों को दी नई दिशा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों का स्वागत करते हुए।

आईसीएआई की सोनीपत ब्रांच और एमएसएमई व स्टार्टअप कमेटी द्वारा "एक दिन एमएसएमई के नाम" थीम पर आयोजित एमएसएमई महोत्सव का आयोजन न्यू बुलबुल रेस्टोरेंट में किया गया। इस आयोजन में एमएसएमई, स्टार्टअप्स, प्रोफेशनल्स बढ़-चढ़कर भाग लिया। यह कार्यक्रम एमएसएमई मंत्रालय, सिडबी और राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम द्वारा समर्थित था। इसमें छोटे उद्योगों के लिए सरकारी योजनाओं, फंडिंग के विकल्पों और हरियाणा राज्य की एमएसएमई नीति पर चर्चा की गई। साथ ही उद्यम रजिस्ट्रेशन, स्टार्टअप सपोर्ट और बैंकिंग हेल्प के लिए सहायता डेस्क भी लगाए गए। कार्यक्रम में पहली बार टैक्स फाइल करने वाले, युवा स्टार्टअप्स और इनोवेटर्स को भी शामिल किया गया, जिससे सभी वर्गों को लाभ मिला। आईसीएआई सोनीपत ब्रांच के चेयरमैन सीए विजय लठवाल ने कहा कि एमएसएमई हमारे देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। ऐसे आयोजन उद्यमियों को सही जानकारी और मार्गदर्शन प्रदान करके उन्हें आगे बढ़ने का अवसर देते हैं। इस मौके पर सीए रामानुजन शर्मा और सीए अजय दहिया द्वारा हरियाणा राज्य की एमएसएमई नीति पर विशेष व्याख्यान दिया गया।



महाराजा रणजीत सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित करके नमन करते नागरिक।

### महाराजा रणजीत सिंह को किया नमन

**गोहाना।** शुक्रवार को शहर के पुराना बस अड्डा स्थित शहीद स्मारक पर महाराजा रणजीत सिंह की 186वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के तत्वावधान में आयोजित इस समारोह में नागरिकों ने महाराजा रणजीत सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित करके नमन किया। मार्गदर्शन मोर्चे के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी ने किया। अध्यक्षता समाजसेवी हरभगवान चोपड़ा ने की। मुख्य वक्ता मोर्चे के प्रतिनिधि व चंद्रशेखर आजाद पार्क के पूर्व अध्यक्ष मास्टर रमेश मेहता ने कहा महाराजा रणजीत सिंह भारत के महान शासको में से एक थे। उनको शेरे-ए पंजाब कहा जाता है। वह उत्तर पश्चिम भारतीय उपमहाद्वीप मे सिख साम्राज्य के संस्थापक और प्रथम महाराजा थे। उन्होंने धार्मिक सहिष्णुता की नीति अपनाई और सभी धर्मो के लोगों को समान अवसर प्रदान किए। मौके पर हरीश चावला, मदनलाल अत्री, कश्मीरी लाल बावा, राजेश बाजवान, सुरेश पंवार व राजेंद्र पांचाल आदि मौजूद रहे।

### सड़क को बनाने के लिए पीडब्ल्यूडी ने लगाया टेंडर

**सोनीपत।** जिला नागरिक अस्पताल परिसर में टूटी व बदहाल सड़कों को जल्द बनाने का रास्ता साफ हो गया है। पीडब्ल्यूडी ने अब इन सड़कों को बनाने के लिए टेंडर लगाया है। सड़कें बनाने का काम जुलाई में शुरू हो सकेगा। बता दें कि नागरिक अस्पताल परिसर की सड़कों की हालत बेहद खस्ता हालत में पहुंच चुकी है। बारिश के दिनों में सड़कों में बने गड्ढों में एक से डेढ़ फीट तक पानी भर जाता है। जिसके चलते सड़कों से मरीजों को निकलना मुश्किल हो जाता है। वर्ष 2024 में स्वास्थ्य विभाग ने पीडब्ल्यूडी से सड़कों के मरम्मत कार्य को करवाने के लिए पत्राचार किया था। विभाग की तरफ से सड़कों के मरम्मत कार्य को पूरा करवाने के लिए एस्टीमेट बनाकर प्रपोजल भेजा था। अब 1. 18 करोड़ रुपये इन सड़कों को बनाने का टेंडर लगाया गया है। परिसर के अंदर की सड़कों का प्रपोजल विभाग को भेजा गया था। जिसके बाद खर्च राशि को पीडब्ल्यूडी विभाग को भेजा गया। पंकज ने बताया कि विभाग की तरफ से कार्य को करवाने के लिए टेंडर जारी किया है। टेंडर लगने के बाद जल्द सड़कों का कार्य पूरा करवाया जाएगा।



प्रशिक्षण शिविर के समापन अवसर पर प्रतिभागियों के साथ शिक्षा अधिकारी।

### प्रशिक्षण शिविर का समापन

**सोनीपत।** प्राथमिक अध्यापकों के बुनियादी साक्षरता व संख्यात्मकता के प्रशिक्षण शिविर संपन्न हो गए। जिले में कुल 2280 अध्यापकों ने इस प्रशिक्षण शिविर में भाग लिया। नई पाठ्य पुस्तकों एवं अभ्यास पुस्तिकाओं के क्रियान्वयन, गतिविधि आधारित प्रशिक्षण, प्रिंट रिच वातावरण, शिक्षण अधिगम सामग्री का प्रभावशाली प्रयोग, अध्यापकों द्वारा स्किल पासबुक भरना, बच्चों के लर्निंग लेवल को पहचान पाना आदि अवधारणाओं से संबंधित सभी प्राथमिक अध्यापकों को पांच दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। इसके अतिरिक्त सभी अध्यापकों को प्रशिक्षण के मुख्य बिंदुओं में मौखिक भाषा विकास, डिकोडिंग, धारा प्रवाह एवं प्रभावपूर्ण पठन तथा गणित में पूर्व संख्यात्मक अवधारणा, पैटर्न, आकृति व स्थानीय मान की समझ इत्यादि विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। विदित रहे कि खंड गन्नौर, कथुरा मुंडलाना, खरखोदा में यह प्रशिक्षण पिछले हफ्ते ही संपन्न हो गया था जबकि खंड राई, गोहाना व सोनीपत में यह प्रशिक्षण आज संपन्न हुआ है। समापन के अवसर पर जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी रचना बाना एवं उप जिला शिक्षा अधिकारी सुजाता खत्री ने गढ़ी ब्राह्मणा स्थित रावमावि गढी ब्राह्मण में पहुंचकर सभी प्राथमिक अध्यापकों को सर्टिफिकेट वितरित कर प्रशिक्षण शिविर का समापन किया।

### आज किसान की हालात बदहाल: मंजूरा

**सोनीपत।** इंडियन नेशनल लोकदल पार्टी किसान प्रकोष्ठ के जिला स्तरीय बैठक का आयोजन गांव माहरा में हुआ। इस बैठक में मुख्य अतिथि किसान सेल के प्रदेश अध्यक्ष फूल सिंह मंजूरा ने कहा आज किसान की हालात बदहाल हो चुकी है, किसान लगातार कर्ज के बोझ के तले दब रहा है। इंडियन नेशनल लोकदल पार्टी ने सबसे पहले किसानों के लिए कर्ज माफ की योजना चलाई, ओलावृष्टि व फसल खराब होने के बाद सबसे पहले मुआवजा इंडियन नेशनल लोकदल पार्टी ने देने की शुरुआत की। किसानों के लिए फ्री बिजली देने का काम पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी ओम प्रकाश चौटाला ने किया। किसानों के ट्रैक्टर पर टोकन टैक्स हटाने का काम इनेलो पार्टी ने किया। फसलों के सबसे ज्यादा भाव इनेलो के शासनकाल में मिलते थे। बीजेपी सरकार धर्म जाति के नाम पर लोगों को बांटकर प्रदेश को लूटने का काम कर रहे हैं। मंजूरा ने कहा आने वाला समय इंडियन नेशनल लोकदल पार्टी का होगा।



सोनीपत। बैठक के दौरान उपस्थित इनेलो नेता एवं पदाधिकारी।



सोनीपत। पौधरोपण करते डॉ. संतराम देशवाल एवं अन्य।

### हिन्दी बनेगी राष्ट्रभाषा : डॉ. देशवाल

**सोनीपत।** केन्द्रीय पैट्रोरसायन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सिपेट), मुरथल में त्रैमासिक हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें पद्मश्री से सम्मानित प्रख्यात साहित्यकार डॉ. सन्तराम देशवाल ने बतौर मुख्य वक्ता शिरकत की। डॉ. देशवाल ने कहा, "हिन्दी का भविष्य अत्यंत उज्ज्वल है। इसकी गूंज अब वैश्विक स्तर पर सुनाई दे रही है। यह केवल राजभाषा ही नहीं, बल्कि जल्द ही राष्ट्रभाषा के रूप में प्रतिष्ठित होगी, क्योंकि हिन्दी हमारे संस्कारों और संस्कृति की भाषा है।" उन्होंने संस्थान के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों का आह्वान किया कि वे कार्यालयीन कार्यों में सरल हिन्दी के प्रयोग को राष्ट्रभक्ति का कार्य समझते हुए अपनाएं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संस्थान के निदेशक एवं प्रमुख डॉ. हरेन्द्र कुमार ने डॉ. देशवाल को पुष्पगुच्छ और शॉल भेंट कर सम्मानित किया तथा उन्हें पद्मश्री सम्मान मिलने पर बधाई दी। अपने अध्यक्षीय वक्तव्य में उन्होंने हिन्दी के प्रयोग को कर्तव्य और जिम्मेदारी बताया और संस्थान में हिन्दी की प्रगति की जानकारी सांझा की।

### जिला कष्ट निवारण समिति में 10 नए सदस्य शामिल

**खरखौदा।** जिला कष्ट निवारण समिति सोनीपत में खरखौदा क्षेत्र के 10 नए सदस्य शामिल किए गए हैं। जिसमें पिपली से नरेश पाराशर, फरमाना से जयप्रकाश, खरखौदा से अजय राठौर व श्यामपाल सैनी, रोहणा से रामनिवास व राजेश, पिपली से लक्ष्मी दत्त, फरमाना से संजय रोहिल्ला तथा रोहट से सतेंद्र दहिया को समिति का सदस्य बनाया गया है। विधायक पवन खरखौदा ने सभी नव नियुक्त सदस्यों को शुभकामनाएं दीं हैं। उन्होंने कहा कि लोगों की समस्याओं का अधिकाधिक और शीघ्रता से समाधान किया जाए। इस मौके पर वरिष्ठ नेता आजाद नेहरा, रविंद्र दिलावर ने भी कष्ट निवारण समिति के नए सदस्यों को जनता की समस्याओं का समाधान कराने व उनका सहयोग करने का सुझाव दिया। इस मौके पर गुलशन ठेकेदार, रामनिवास खरखौदा व अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।



खरखौदा। नए सदस्यों का स्वागत करते आजाद नेहरा, रविंद्र दिलावर व अन्य।



गोहाना। का शुभारंभ करते नप चेयरपर्सन रजनी विरमानी।

### योजनाबद्ध तरीके से हो रहा विकास : विरमानी

**गोहाना।** नगर परिषद (नप) द्वारा वार्ड नंबर 10 में सीमेंट कंक्रीट (सीसी) गली का निर्माण करवाया जाएगा। गली निर्माण पर 9.55 लाख रुपये खर्च होंगे। शुक्रवार को नप चेयरपर्सन रजनी विरमानी ने नारियल फोडकर गली का निर्माणकार्य शुरू किया। वार्डवासियों द्वारा पिछले लंबे समय से इस गली के निर्माण की मांग की जा रही थी। चेयरपर्सन रजनी विरमानी ने कहा कि शहर के हर क्षेत्र में योजनाबद्ध तरीके से विकासकार्य करवाए जा रहे हैं। शहर के विकास में कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। आज शहर के हर वार्ड में पक्की गलियों के निर्माण के साथ दूषित व बरसात के पानी की निकासी का उचित प्रबंध किया गया है। नप द्वारा शहर में सफाई व्यवस्था को भी दुरुस्त किया गया है। गली निर्माण के शुभारंभ की अध्यक्षता वार्ड पार्षद सुमन सैनी ने की। इस अवसर पर संजय सैनी, कृष्ण, राजीव, रजनीश, कुलदीप कौशिक, दया सिंह और दीपक सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



खरखौदा। मिठाई खिलाकर एमएलए आभार जताते गणमान्य। *फोटो :हरिभूमि*

### विधायक का आभार जताया

**खरखौदा।** कन्या महाविद्यालय को सरकारी कालेज दर्जा दिए जाने पर क्षेत्रवासियों ने विधायक पवन खरखौदा का उनके कार्यालय पर पहुंचकर आभार व्यक्त किया। इस मौके पर सावित्री बाई फुले सेवा समिति, जग उत्थान खेल शिक्षा समिति, कन्या महाविद्यालय स्टाफ सहित विभिन्न समितियों ने विधायक पवन खरखौदा व सीएम नायब सिंह सैनी का आभार जताया। इस मौके पर विधायक पवन खरखौदा ने कहा कि सीएम नायब सैनी ने खरखौदा हलके की बेटियों व बहनों को रक्षाबंधन को शानदार तोहफा दिया है। जो एक ऐतिहासिक कदम हैं। उन्होंने धरना देने वालों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जो लोग गोहाना जिला बनने और खरखौदा उसमें शामिल न हो इस बात को लेकर आधारहीन धरना दे रहे हैं। इनसे कोई पूछने वाला हो जब यहां पर 15 साल से अन्य पार्टी का विधायक था, तब तो इन्होंने कॉलेज को सरकारी करने के लिए धरना नहीं दिया। खरखौदा सोनीपत का हिस्सा है और रहेगा, लेकिन अपनी राजनीति को चमकाने के चक्कर में एक-दो नेता धरने दे रहे हैं।

# अवैध कब्जे को लेकर जताया रोष

- बजाना की पंचायती जमीन पर अवैध कब्जा,एसडीएम से कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर



गन्नौर। एसडीएम कार्यालय में ज्ञापन देने पहुंचे बजाना गांव के ग्रामीण।

गांव बजाना में पंचायती जमीन पर अवैध कब्जे को लेकर ग्रामीणों में रोष है। ग्रामीणों ने भाकियू (अ) के जिलाध्यक्ष जयभगवान मलिक के साथ एसडीएम गन्नौर को शिकायत पत्र सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। शिकायत के अनुसार, गांव में स्थित एक पंचायती जमीन पर गुमड़ गांव निवासी बाबा समुंद्रनाथ ने जबरन कब्जा कर लिया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि उक्त कब्जे के चलते गांव की पानी निकासी व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो गई है, जिससे बरसात के दिनों में जलभराव की गंभीर समस्या उत्पन्न हो जाती है। इसके अलावा, बाबा द्वारा उस भूमि पर लगे कई हरे-भरे पेड़ भी उखाड़ दिए गए हैं, जिससे पर्यावरण को नुकसान पहुंचा है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि बाबा समुंद्रनाथ के प्रभाव में आकर गांव के कई युवा नशे की ओर आकर्षित हो गए हैं, जिससे गांव का सामाजिक माहौल खराब हो रहा है। गांव में तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है और किसी भी समय हालात बिगड़ सकते हैं। ग्रामीणों ने एसडीएम से अनुरोध किया है कि जल्द बाबा को पंचायत की जमीन से हटाया जाए और गांव की शांति व्यवस्था को बहाल किया जाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो वे बड़ा विरोध करने को मजबूर होंगे।



भगवान जगन्नाथ को प्रणाम कर रथयात्रा का शुभारंभ करते विधायक।

### भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकाली

**खरखौदा।** ठाकुर जी की रसोई परिवार के सौजन्य से खरखौदा में भगवान श्री जगन्नाथ जी की रथयात्रा बड़े श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ निकाली गई। दोपहर बाद 3 बजे ठाकुर जी की रसोई परिसर से रथ यात्रा का शुभारंभ हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तों ने भाग लिया। विधायक पवन खरखौदा ने पूजा-अर्चना कर भगवान श्री जगन्नाथ जी की रथयात्रा का शुभारंभ किया। यात्रा गोपालपुर रोड, प्रताप कॉलोनी, सांपला रोड, थाना चौक, ब्राह्मण दरवाजा, पुराना बाजार व मेन मार्केट दिल्ली चौक होते हुए पुनः ठाकुर जी की रसोई पर संपन्न हुई। यात्रा मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर रथ का स्वागत किया। नगर में भजन-कीर्तन, ढोल-नगाड़ों और संकीर्तन की गूंज से वातावरण भक्तिमय बना रहा। जगह-जगह शरबत व जलसेवा, फल-प्रसाद और भोग वितरण की व्यवस्था ठाकुर जी की रसोई व नगर के सामाजिक संस्थाओं द्वारा की गई। विशेष बात यह रही कि श्रद्धालुओं ने भगवान श्री जगन्नाथ जी के लिए अपने घर से बिना प्याज-लहसुन का भोग लाकर अर्पित किया।

## बाबा धाम सिद्धपीठ मंदिर से निकाली भगवान जगन्नाथ रथयात्रा

# भगवान जगन्नाथ के जयकारों से गूंजा शहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

कामी रोड स्थित बाबा धाम सिद्धपीठ मंदिर की ओर से भगवान जगन्नाथ महोत्सव के तहत भगवान जगन्नाथ रथयात्रा निकाली गई। भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र व बहन सुभद्रा के साथ, बैंड की भक्तिमय धुन, ढोल-नगाड़ों व जयकारों के बीच रथ पर विराजमान होकर नगर भ्रमण के लिए निकले। शहरभर में धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं के सदस्यों ने श्रद्धालुओं के साथ जगह-जगह रथयात्रा का स्वागत कर भगवान जगन्नाथ का दीदार किया। रथयात्रा से पहले ओडिशा के पुरी, वृंदावन, चंडीगढ़ व दिल्ली से आए ब्राह्मणों ने पुरी की तर्ज पर वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ भगवान जगन्नाथ की पूजा-अर्चना करवाई। मंगला आरती, तुलसी पूजन, श्रृंगार दर्शन, सूर्य पूजा, द्वारपाल पूजा, रथ संस्कार, खिचड़ी भोग जैसी रस्में निभाकर भगवान जगन्नाथ को रथ पर विराजमान किया गया। दिल्ली, कोलकाता व मुबंई के फूलों से भगवान व उनके रथ का श्रृंगार किया गया। रथ को फूल बंगले की तर्ज पर सजाया गया। रथयात्रा में शहरवासियों के साथ ओडिशा के पुरी से आए कलाकारों व इस्कॉन प्रचार केंद्रों से साधकों ने शामिल होकर भगवान जगन्नाथ का संकीर्तन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। श्रद्धालुओं ने पुरी की तर्ज पर भगवान जगन्नाथ, बलभद्र व सुभद्रा के रथ को रस्सों से खींचकर उन्हें नगर भ्रमण करवाया। यात्रा में ऑपरेशन सिंदूर पर आधारित झांकी के अलावा भगवान श्री गणेश, लड्डू गोपाल, राधा-कृष्ण, हनुमान जी की आकर्षक झांकियां शामिल रही।



सोनीपत। भगवान जगन्नाथ रथयात्रा में शामिल श्रद्धालुगण। *फोटो :हरिभूमि*

### यहां से गुजरी यात्रा

भगवान जगन्नाथ रथयात्रा रथ पूजन के बाद सिद्धपीठ श्री बाबा धाम से दोपहर करीब 4 बजे प्रारंभ हुई। इसके बाद रथयात्रा जटवाड़ा, पुरखास अड्डा, दयाल चौक, गीता भवन, बस अड्डा, मुरथल अड्डा चौक व सब्जी मंडी रोड होते वापस बाबा धाम पहुंची।

# भगवान जगन्नाथ यात्रा आस्था और विश्वास का अनूठा संगम

**गोहाना।** कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि भगवान जगन्नाथ ब्रह्मांड के स्वामी हैं। उनकी यात्रा में शामिल होना दिव्य अलौकिक अनुभव है, जिसका शब्दों मे वर्णन नहीं किया जा सकता। उन्होंने श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि वो अपने जीवन में सदाचार का पालन करते हुए गरीब व वंचित की भलाई की दिशा में काम करेंगे तो भगवान जगन्नाथ की कृपा निश्चित होगी। शुक्रवार बाद दोपहरबाद सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा अपनी पत्नी डॉ. रीटा शर्मा के साथ स्वामी गुरूचरण दास सनातन धर्म समिति द्वारा आयोजित श्री जगन्नाथ यात्रा की मंगला आरती कार्यक्रम में पहुंचे। सानिध्य डेरा बाबा लक्ष्मण पुरी महाराज के प्रमुख बाबा कमल पुरी महाराज का रहा। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने भी भाग लिया। उन्होंने मुख्य बाजार में भगवान श्री जगन्नाथ जी के रथ को खींचने की परंपरा को निभाया। मंत्री ने कहा कि भगवान श्री जगन्नाथ भगवान विष्णु के 8वें अवतार कृष्ण के रूपों में से एक थे। हम सभी को मिलकर यह सुनिश्चित करना होगा कि भक्ति, संस्कृति व विरासत को सहेजते हुए युवा पीढ़ी को भक्ति भावना से जोड़ें।

**सूचना**

मैं, सतबीर पुत्र जिले सिंह निवासी वार्ड नं. 3, देवी नगर, नियर शिव मन्दिर, गोहाना, तह. गोहाना, जिला सोनीपत बयान करता हूं कि मेरा पुत्र सुमित मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### मोहित जिला ग्रीवेंस कमेटी के सदस्य नियुक्त

**गोहाना।** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश मंत्री मोहित वाल्मीकि को जिला पब्लिक रिलेशन और ग्रीवेंस कमेटी के सदस्य नियुक्त किया गया है। उन्होंने कहा कि वह इस जिम्मेवारी को ईमानदारी से निभाएंगे। जिला ग्रीवेंस कमेटी के सदस्य के रूप में वह आमजन की समस्याओं को शासन-प्रशासन तक पहुंचाकर समाधान करवाने का काम करेंगे।

### युवक ट्रेन की चपेट में आया, मौत

**गोहाना।** शहर में कबीर बस्ती में रहने वाला युवक ट्रेन की चपेट में आ गया। एक व्यक्ति ने उसे गंभीर हालत में रेलवे लाइन पर पड़ा देखकर जीआरपी चौकी गोहाना में सुचना दी। युवक ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। जीआरपी ने पोस्टमार्टम कराकर शव स्वजन को सौंपा।

### अवैध खनन के खिलाफ ग्राम पंचायत की सख्ती

**सोनीपत।** गांव बाजिदपुर सबोली की पंचायत जमीन पर हो रहे अवैध खनन के खिलाफ ग्राम पंचायत सबोली ने सख्त रुख अपनाते हुए कानूनी कार्रवाई करवाई है। सरपंच सुनील कटारिया की शिकायत पर खान एवं भू-विज्ञान विभाग की जांच के बाद हरियाणा राज्य प्रवर्तन ब्यूरो, सोनीपत ने एफआईआर दर्ज की है। एफआईआर के मुताबिक, 4 मार्च को पंचायत से शिकायत मिलने के बाद 5 मार्च को खान विभाग की टीम ने मौके का निरीक्षण किया।

### लूटपाट की वारदात में शामिल आरोपी काबू



**सोनीपत।** सेक्टर-27 शहर थाना सोनीपत पुलिस ने लूटेरा गैंग में शामिल व पुलिस टीम पर हमला करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित उत्तम कुमार गांव महलाना का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**सोनीपत।** राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44 पर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने सड़क पार कर रहे युवक को चपेट में ले लिया। हादसे के बाद वाहन चालक फरार हो गया। राहगीरों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया है। पुलिस मृतक की पहचान के प्रयास कर रही है। कुंडली थाने में तैनात व मामले में जांच अधिकारी कुलदीप ने बताया कि देर रात सूचना मिली थी कि गांव जाटी कलां मोड़ के सामने दिल्ली-पानीपत सड़क मार्ग पर युवक का शव पड़ा हुआ है। सूचना के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची। प्राथमिक जांच में सामने आया कि युवक सड़क हादसे का शिकार हुआ है।

## जिले की 13 आईटीआई में 5904 सीटें निर्धारित

# इलेक्ट्रीशियन डुअल ट्रेड बनी पहली पसंद, सोनीपत में 458 आवेदन प्राप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

दाखिलों की दौड़ में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) सोनीपत में दाखिलों के इच्छुक विद्यार्थियों के लिये आवेदन करने की अंतिम तिथि समाप्त हो गई है। अंतिम तिथि तक प्राप्त आवेदनों के अनुसार विद्यार्थियों की पहली पसंद इलेक्ट्रीशियन ट्रेड बनी हुई है। पहले चरण के तहत दाखिलों के लिये आवेदन की अंतिम तिथि समाप्त हुई है, जोकि पहले भी विभाग द्वारा 7 दिनों के लिये बढ़ाई गई थी। जिले की सभी 13 आईटीआई में 5904 सीटों के लिये हजारों आवेदन प्राप्त हुए हैं।

सिर्फ सोनीपत की बात करें तो सोनीपत स्थित आईटीआई में विभिन्न ट्रेडों के लिए शुक्रवार शाम 4 बजे तक कुल 2489 आवेदन प्राप्त हुए हैं। सबसे अधिक रुचि इलेक्ट्रीशियन डुअल ट्रेड में देखी गई है, जिसमें 458 आवेदन आए हैं। मोटर व्हीकल मैकेनिक ट्रेड में 241, कंप्यूटर ऑपरेटर व प्रोग्रामिंग असिस्टेंट में 211, फिटर डुअल में 201, और रेफ्रिजरेशन एंड एयर कंडीशनिंग तकनीशियन में 173 आवेदन प्राप्त हुए हैं।

### *7 दिन बढ़ाई गई थी आवेदन की तिथि*

*कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण निदेशालय (आरडीएसडीई) ने राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में दाखिला के लिए चल रही ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया की अवधि को बढ़ाया गया था। पहले प्रथम चरण में आवेदन प्रक्रिया के लिए 6 से 20 जून तक तिथि निर्धारित की थी। जिसे पिछले सप्ताह ही 20 जून से 27 जून कर दिया गया था।*

### यह रहेगा आईटीआई का दाखिला शेड्यूल

| | |
|---|---|
| पहली मेरिट लिस्ट | 3 जुलाई |
| आईटीआई में दस्तावेजों का सत्यापन | 7 जुलाई तक |
| दाखिला फीस जमा | 8 जुलाई तक |
| शेष सीटों की सूची तैयार | 9 जुलाई |
| सीट विवरण के लिए पोर्टल ओपन | 9 व 10 जुलाई |
| दूसरी मेरिट लिस्ट | 11 जुलाई |
| आईटीआई में दस्तावेजों का सत्यापन | 14 जुलाई तक |
| दाखिला फीस जमा | 15 जुलाई तक |
| शेष सीटों की सूची तैयार | 16 जुलाई |
| सीट विवरण के लिए पोर्टल ओपन | 16 से 19 जुलाई |
| तीसरी मेरिट लिस्ट | 22 जुलाई |
| आईटीआई में दस्तावेजों का सत्यापन | 26 जुलाई तक |
| दाखिला फीस जमा | 27 जुलाई तक |

### *सोनीपत आईटीआई में 64 सीटों की बढ़ोतरी*

*जिला के 13 प्रशिक्षण संस्थानों में वर्ष 2025-26 सत्र के लिए 5904 सीटें निर्धारित की गई हैं। पिछले साल के अपेक्षा इस बार सोनीपत आईटीआई में 64 व पुरखास आईटीआई में 30 सीटों की बढ़ोतरी की गई है। सोनीपत आईटीआई में 48 ट्रेड में दाखिले के लिए 1044 सीट व दूसरे वर्ष के प्रवेश के लिए 516 सीटों सहित कुल 1560 सीटें तय की गई हैं। अब तक इन सीटों पर 1866 विद्यार्थी अपना आवेदन कर चुके है।*

### सोनीपत आईटीआई में प्रमुख ट्रेडों में आवेदन स्थिति

| | |
|---|---|
| वायरमैन | 169 |
| इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक डुअल | 144 |
| मैकेनिक डीजल डुअल | 131 |
| ड्राफ्ट्समैन (सिविल) | 79 |
| मशीनिस्ट डुअल | 71 |
| ड्राफ्ट्समैन (मैकेनिकल) | 61 |
| स्टेनोग्राफर एवं सचिवीय सहायक (अंग्रेजी) | 50 |
| स्टेनोग्राफर (हिंदी) | 49 |

### ऑनलाइन आवेदन की अवधि खत्म

आईटीआई में दाखिला लेने के लिए शुक्रवार को अंतिम दिन था। सोनीपत आईटीआई की 48 ट्रेड के लिये 2489 आवेदन प्राप्त किए गए हैं। इसमें सबसे अधिक 458 आवेदन इलेक्ट्रीशियन ड्यूल ट्रेड के लिये प्राप्त हुए हैं।

-**सुनील मलिक,** नोडल अधिकारी, आईटीआई, सोनीपत

## केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं की दी जानकारी



**गन्नौर।** एमएसएमई के अतिरिक्त संयुक्त निदेशक वीपीएस वालिया के साथ एमएसएमई औद्योगिक वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्य।

- बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में एमएसएमई निदेशक ने उद्योगपतियों के साथ की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

बड़ी औद्योगिक क्षेत्र स्थित एमएसएमई औद्योगिक वेलफेयर एसोसिएशन कार्यालय में शुक्रवार को अतिरिक्त संयुक्त निदेशक, एमएसएमई वीपीएस वालिया ने उद्योगपतियों के साथ बैठक की। बैठक में संयुक्त निदेशक ने उद्योगपतियों को केंद्र और राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही एमएसएमई योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। बैठक में उन्होंने बताया कि उद्योगों के लिए जमीन खरीदने, मशीनरी व यंत्र खरीदने, नई लैब स्थापित करने, तकनीकी उन्नयन और उत्पादन क्षमता बढ़ाने जैसी कई योजनाएं सरकार चला रही है, जिनका लाभ उठाकर उद्यमी अपने उद्योगों को नई ऊंचाइयों पर ले जा सकते हैं। उन्होंने उद्योगपतियों से आग्रह किया कि वे एमएसएमई कार्यालय से सीधा संपर्क रखें, ताकि उन्हें सभी योजनाओं की सटीक जानकारी और समय पर लाभ मिल सके। इस अवसर पर एसोसिएशन के अध्यक्ष नवीन कौशिक ने भी सभी उद्यमियों से आग्रह किया कि वे इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और अपने उद्योगों को सशक्त बनाएं।

### ये रहे मौजूद

बैठक में महासचिव हरप्रीत सिंह, संजय मित्तल, हरीश, के. राणा, अंकुर त्यागी, इशांत गुप्ता, सोबित सेतिया, मनोज मिड्ढा और सरदार सुरेंद्र सिंह सहित कई उद्यमी उपस्थित रहे।

*खिलाड़ियों का प्रधानाचार्य व खेल कोच ने किया स्वागत*

## सब जूनियर नेशनल थ्रो बॉल चैंपियनशिप में छाए खिलाड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई



**राई।** विजेता टीम के साथ स्कूल प्रधानाचार्य, कोच व शिक्षक।

रुक्मिणी देवी पब्लिक स्कूल के छात्रों ने विद्यालय के होनहार खिलाड़ियों ने हरियाणा राज्य थ्रो बाल टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए 30 वीं सब जूनियर नेशनल थ्रो बॉल चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया। राष्ट्रीय प्रतियोगिता 20 से 23 जून के बीच साई 20 पालखी निवारा, शिरडी, महाराष्ट्र में आयोजित की गई थी। रुक्मिणी देवी स्कूल के खिलाड़ियों बल पर फाइनल खिलाडियों की प्रतिभा और मेहनत के हरियाणा टीम ने केएल टीम को हराकर दूवार्टर में अपना स्थान बनाया और कड़े मुकाबले के बाद प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. प्रवीन गुप्ता ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा यह उपलब्धि न केवल स्कूल के लिए बल्कि पूरे हरियाणा राज्य के लिए गर्व की बात है हमारे खिलाड़ियों ने अनुशासन समर्पण और उत्कृष्ट खेल भावना का परिचय दिया है। थ्रो बाले कोच विनीत दहिया और हरियाणा स्टेट जाइन सेक्रेटरी संजीत राठी ने बताया कि दिल्ली पहुंचने पर खिलाड़ियों का स्वागत किया।



### 60 एकड़ पर विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी की ध्वस्त

**खरखौदा।** अवैध कॉलोनियों और निर्माणों को प्रारंभिक चरण में ही ध्वस्त करने के लिए एसएमडीए द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। जिला नगर योजनाकार नीलम शर्मा के अनुसार इसी कड़ी में शुक्रवार को आईएमटी खरखौदा के साथ लगती 60 एकड़ में विकसित की जा रही अवैध कालोनियों में 10 एकड़ में फैले 1200 मीटर कच्चे रास्तों को ध्वस्त किया गया। इस दौरान गांव सोहटी में साढ़े 12 एकड़ में पहले अवैध कॉलोनी में 12 बिजली के खंभों व 120 रनिंग मीटर तारों को बिजली विभाग की टीम द्वारा हटवाया गया। डीटीपी ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि अवैध कॉलोनियों में प्लॉट न खरीदें।

*जजपा ने चलाया सदस्यता अभियान*

## ग्रामीणों को पार्टी की नीतियों के बारे में करवाया अवगत

- राई हलकाध्यक्ष दिनेश चौहान ने किया नेतृत्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई



**राई।** सदस्यता अभियान के दौरान संबोधित करते राई हलकाध्यक्ष दिनेश चौहान।

जननायक जनता पार्टी द्वारा हलका राई में सदस्यता अभियान जिला अध्यक्ष अशोक सरोहा व हलकाध्यक्ष दिनेश चौहान के नेतृत्व में चलाया गया। जिलाध्यक्ष अशोक सरोहा ने कहा कि पार्टी द्वारा हलके में जोरो पर सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। ग्रामीणों को पार्टी की नीतियों से अवगत करवाया जा रहा है। अभियान में गांव दीपालपुर, मुकीमपुर, नांदनौर, मुरथल युवाओं एवं बुजुर्गों ने हिस्सा लिया। हलकाध्यक्ष दिनेश चौहान ने कहा कि दुष्यंत चौटाला द्वारा अपने कार्यकाल के दौरान किसानों के कल्याण के लिए गए फैसले का उल्लेख करते हुए लोगों से पार्टी से जुड़ने की अपील की। हलकाध्यक्ष ने भी युवाओं से पार्टी में शामिल होने का आह्वान किया। चौहान ने कहा कि जेजेपी एक विचारधारा आधारित पार्टी है और संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत करने के लिए कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका आवश्यक है। इस मौके पर पूर्व प्रत्याशी विजेंद्र अंतिल व वरिष्ठ नेता रमेश पहलवान बड़ोली, जगबीर सरोहा, अनिल सरोहा, सतबीर, रामकुवार फौजी, कुलदीप अंतिल आदि मौजूद थे।

## देवेंद्र शर्मा ने शशिकांत कौशिक का किया स्वागत



**गोहाना।** शशिकांत कौशिक का फूल मालाओं से स्वागत करते हुए देवेंद्र शर्मा व अन्य। फोटो : हरिभूमि

**गोहाना।** भारतीय कुश्ती संघ प्रोटोकॉल कमेटी के चेयरमैन गांव मदीना निवासी देवेंद्र शर्मा ने समाजसेवी शशिकांत कौशिक का लंदन से लौटने पर स्वागत किया। शशिकांत कौशिक को लंदन की संसद में हाउस ऑफ लॉर्ड ग्लोबल प्रेस्टीज अवार्ड से सम्मानित किया गया। उनको यह सम्मान समाजहित में उल्लेखनीय कार्यों के लिए प्रदान किया गया। लंदन से भारत लौटने पर दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उनका भव्य स्वागत हुआ। समारोह की अध्यक्षता भारतीय कुश्ती संघ प्रोटोकॉल कमेटी के चेयरमैन गांव मदीना निवासी देवेंद्र शर्मा ने की। कार्यक्रम में राजेश भंडेरी, सरपंच प्रतिनिधि प्रदीप भंडेरी, इंद्रजीत, अभिषेक, मनोज, रमेश व सौरभ आदि गणमान्य व्यक्तियों ने अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर शशिकांत कौशिक का फूलों की मालाओं से स्वागत किया।

**बिजली उपभोक्ताओं को मिली बड़ी राहत**

# गन्नौर अब बना स्वतंत्र विद्युत डिवीजन

- एक्सईएन प्रदीप लोहरा को सौंपा गन्नौर डिवीजन का अतिरिक्त कार्यभार

विनोद राठी ▶▶| गन्नौर



अश्विनी कौशिक।

हरियाणा विद्युत वितरण निगम द्वारा उपभोक्ताओं की सुविधा और बिजली प्रबंधन को और अधिक प्रभावशाली बनाने के उद्देश्य से गन्नौर डिवीजन को अब सोनीपत सब अर्बन से अलग कर स्वतंत्र विद्युत डिवीजन बना दिया गया है। जिससे गन्नौर क्षेत्र में उपभोक्ताओं को सुचारू बिजली सेवाएं मिलने की उम्मीद है। गन्नौर को अलग डिवीजन का दर्जा दिए जाने के बाद रोहतक के एक्सईएन प्रदीप लोहरा यहां के अतिरिक्त कार्यभार संभालेंगे। हालांकि अभी उनके कार्यालय के लिए जगह का चयन नहीं हुआ है।

### शिकायत निवारण में आएगी तेजी

इन नए डिवीजनों के बनने से बिजली वितरण में पारदर्शिता बढ़ने के साथ क्षेत्र में बिजली व्यवस्था और अधिक मजबूत होगी तथा उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान समय पर हो सकेगा। उपभोक्ताओं को अब अपनी बिजली संबंधित कार्यों और समस्याओं के समाधान के लिए ज्यादा दूर नहीं आना पड़ेगा। वहीं अलग डिवीजन बनने के साथ ही चारों सब डिवीजनों में अतिरिक्त स्टाफ की तैनाती की जाएगी। इससे शहरी व ग्रामीण कार्यालयों का बोझ भी घटेगा और शिकायत निवारण में तेजी आएगी और तकनीकी सुधारों को लागू करना आसान होगा।

### क्षेत्रीय संतुलन के लिए किया विभाजन

सोनीपत सब अर्बन एक्सईएन अश्विनी कौशिक ने बताया कि उपभोक्ताओं को बेहतर सेवा उपलब्ध करवाने और क्षेत्रीय संतुलन बनाने के उद्देश्य से यह विभाजन किया गया है। उन्होंने कहा कि अब गन्नौर क्षेत्र में बिजली संबंधित कार्यों के लिए उपभोक्ताओं को सोनीपत नहीं आना पड़ेगा। गन्नौर ग्रामीण कार्यालय का एसडीओ अभिषेक कौशिक व शहरी कार्यालय का खरखौदा के एसडीओ रवि कुमार अतिरिक्त कार्यभार संभाल रहे हैं। अभी बड़ी व कैलाना सब डिवीजन में भी जल्द ही नए एसडीओ लगाए जाएंगे।

### अब गन्नौर में होंगे कुल चार एसडीओ

गन्नौर अलग डिवीजन बनने के साथ ही अब दो के स्थान पर चार एसडीओ होंगे। अब तक बीएसटी कालोनी में गन्नौर शहरी व गढ़ी झंझारा रोड पर गन्नौर ग्रामीण सब डिवीजन का संचालन हो रहा था। अब गन्नौर अलग डिवीजन बनने के बाद यहां गन्नौर शहरी सब डिवीजन से बड़ी औद्योगिक क्षेत्र और कुछ गांवों को अलग कर एक नई सब डिवीजन बनाई गई है, ताकि औद्योगिक और आवासीय क्षेत्रों की बिजली आपूर्ति को सुचारु रूप से विभाजित किया जा सके। इसी तरह, गन्नौर ग्रामीण सब डिवीजन से भी कुछ गांवों को अलग कर एक नया कैलाना सब डिवीजन बनाया गया है।



**राई।** भाजपा के जाखौली मंडल के अध्यक्ष एवं युवा नेता शेखर आंतिल का स्वागत करते युवा।

### शेखर आंतिल जिला कष्ट निवारण समिति के सदस्य मनोनित

**राई।** भाजपा के जाखौली मंडल के अध्यक्ष एवं युवा नेता शेखर आंतिल को सरकार द्वारा हाल ही में जिला कष्ट निवारण समिति के सदस्य मनोनित किए जाने पर युवाओं ने पुष्प गुच्छ देकर बधाई दी। अपनी नियुक्त पर मंडलध्यक्ष शेखर आंतिल ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली, विधायक कृष्णा गहलावत का आभार व्यक्त किया। आंतिल ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी दी है, उसका वे ईमानदारी से निर्वहन करते हुए हलके की समस्याओं को उठवाकर समाधान कराने का प्रयास करेंगे। इसके अलावा मंडलध्यक्ष होने के नाते युवाओं को पार्टी की नीतियों से अवगत करवाते हुए पार्टी से जोड़ने का काम करेंगे।



**गोहाना।** विभिन्न समसामयिक विषयों की रचनात्मक गतिविधियों में प्रतिभागिता करते हुए शिक्षकगण। फोटो : हरिभूमि

## शिविर में शिक्षकों को प्रशिक्षित कर उनके कौशल को निखारा

**गोहाना।** गोहाना-पानीपत मार्ग स्थित दून पब्लिक स्कूल में 24 जून से 26 जून तक तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। शिविर में स्कूल के शिक्षकों को विभिन्न समसामयिक विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रतिदिन 6 घंटे के सत्रों में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों के कौशल को और निखारना था। मार्गदर्शन स्कूल के एमडी राजेश कुमार का रहा। 24 जून को शिविर के पहले दिन डॉ. दीपक शर्मा ने नैतिक मूल्य शिक्षा विषय पर शिक्षकों को प्रेरक और उपयोगी प्रशिक्षण दिया और नैतिक मूल्यों को शिक्षण में समाहित करने पर जोर दिया गया। दूसरे दिन रिचा शर्मा ने राष्ट्रीय शिक्षा नीतिः 2020 पर विस्तृत सत्र आयोजित किया। इस सत्र में नई शिक्षा नीति के प्रमुख बिंदुओं और उनके क्रियान्वयन पर चर्चा की गई। शिविर के तीसरे दिन कशिश ग्रोवर ने साइबर सुरक्षा विषय पर शिक्षकों को प्रशिक्षित किया। इसमें डिजिटल युग में सुरक्षित शिक्षण और ऑनलाइन खतरों से बचाव के उपाय साझा किए गए। स्कूल की प्राचार्या ज्योति छाबड़ा ने कहा कि यह कार्यक्रम शिक्षकों के पेशेवर विकास और विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है।

**सौगात** | विधायक और मेयर राजीव जैन ने वार्ड 2 में विकास कार्यों का किया शुभारंभ

# सीवर ओवरफ्लो और दूषित जलभराव से मिलेगी निजात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



**सोनीपत।** विकास कार्यों का शुभारंभ करते हुए विधायक, मेयर एवं अन्य।

शुक्रवार सुबह विधायक निखिल मदान और मेयर राजीव जैन वार्ड नं 2 की धानकान बस्ती में पहुंचे। जहां उन्होंने नगर निगम द्वारा करवाए जा रहे विकास कार्यों का नारियल तोड़कर शुभारंभ किया। इसके साथ ही वार्ड नंबर 1 में सब्जी मंडी रोड पर काली माता मंदिर से शुगर मिल तक 30 लाख रुपये की लागत से नई पेयजल आपूर्ति पाइप लाइन बिछाने और 6 लाख रुपए की लागत से सब्ज़ी मंडी की क्षतिग्रस्त हो चुकी पानी की पाइप लाइन को भी बदलने के कार्य का भी शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर स्थानीय लोगों द्वारा विधायक और मेयर का फूल मालाओं से स्वागत किया।

विधायक निखिल मदान ने बताया कि कोट मोहल्ला, धानकान बस्ती, कुम्हार गेट और खटीक बस्ती में पुरानी सीवर लाइन के पूरी तरह से क्षतिग्रस्त होने के कारण पिछले कई महीने से सीवरेज ओवरफ्लो की समस्या बनी हुई है, जिसके चलते लोगों के घरों के आगे दूषित जल भराव हो रहा है।

नगर निगम मेयर राजीव जैन ने कहा कि वार्ड नंबर 2 के कार्य में सभी कालोनियों में लगभग 1300 मीटर की सीवर लाइन बिछाई जाएगी। इस लाइन के मुख्य लाइन में जोड़ने के बाद कॉलोनी वासियों को दूषित जल भराव की समस्या से स्थाई तौर पर निजात मिलेगी। इस अवसर पर निगम पार्षद सुरेंद्र नैय्यर, निगम पार्षद हरि प्रकाश सैनी, रविंद्र दिलावर, महक नैय्यर, कर्मवीर, सुरेश, रमेश रंगीला, कृष्ण भोंसले, मास्टर सत्यदेव, कृष्ण सैनी, हरीश, जय भगवान आदि मौजूद रहे।

## तिरंगा चौक से ककरोई एसटीपी को जोड़ा अब सीवरेज ओवरफ्लो से मिलेगी राहत

**सोनीपत।** शहर के पूर्वी हिस्से में लगातार बनी हुई सीवरेज ओवरफ्लो की गंभीर समस्या से निजात दिलाने की दिशा में नगर निगम ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। राठधना स्थित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट पर क्षमता से अधिक जल भार को कम करने के उद्देश्य से अब शम्भू दयाल डिस्पोजल का पानी ककरोई रोड स्थित एसटीपी पर भेजा जाएगा। इसके लिए तिरंगा चौक पर कनेक्शन कार्य की शुरुआत नगर निगम मेयर राजीव जैन व आयुक्त हर्षित कुमार की निगरानी में की गई। मेयर राजीव जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्षों पूर्व ककरोई रोड पर बनाए गए एसटीपी के लिए लाइन तो डाली गई थी, लेकिन शम्भू दयाल डिस्पोजल से कनेक्शन नहीं हुआ, जिसके चलते वहां का सारा पानी राठधना प्लांट पर ही जा रहा था और यह क्षमता से अधिक पानी लेने के कारण ओवरफ्लो की स्थिति उत्पन्न हो रही थी। राजीव जैन ने बताया कि शहर के पश्चिमी हिस्से में 48 लाख रुपए की लागत से चार कनेक्शन किए जाने प्रस्तावित थे, जिनमें से दो – सूरी पेट्रोल पंप वाली गली और पत्थर वाली गली में कनेक्शन पहले ही हो चुके थे। इससे इन क्षेत्रों में सीवरेज जाम की समस्या में काफी राहत मिली थी। लेकिन तिरंगा चौक और सेक्टर 23 का कनेक्शन कार्य रुका हुआ था, जिसके चलते समस्या बनी हुई थी। अब तिरंगा चौक का कनेक्शन शुरू हो जाने से लगभग 8 एमएलडी (मिलियन लीटर प्रति दिन) पानी राठधना की बजाय ककरोई एसटीपी पर डायवर्ट होगा। इससे राठधना पर जलदबाव कम होगा और पूर्वी सोनीपत के अनेक क्षेत्रों में सीवरेज जाम की समस्या में सुधार आएगा।



**सोनीपत।** सीवर लाइन से संबंधित काम का शुभारंभ करते हुए मेयर राजीव जैन एवं अन्य।